भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2023

10 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक (श्रेष्ठ) का कार्यान्वयन

2023. #श्री तेजवीर सिंहः

श्री मिथलेश कुमारः

डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंहः

श्री दीपक प्रकाशः

श्री नारायण कोरागप्पाः

श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाणः

श्री लहर सिंह सिरोयाः

श्री एस. सेल्वागनबेथीः

श्री रायगा कृष्णैयाः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा प्रारंभ किए गए राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक (श्रेष्ठ) के क्रियान्वयन और रोलआउट की वर्तमान स्थिति क्या है और इसमें राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी प्रगति हुई है;

(ख) राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्रों के औषध नियामक प्राधिकरणों के मूल्यांकन के लिए इस सूचकांक के अंतर्गत निर्धारित प्रमुख मानदंड, मानक और प्रदर्शन संकेतक क्या-क्या हैं;

(ग) क्या क्रियान्वयन के प्रारंभिक चरण में कोई कमियाँ, परिचालन संबंधी चुनौतियाँ अथवा अन्य चुनौतियाँ सामने आई हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक (श्रेष्ठ) संचालित किया गया है और इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 12 अगस्त, 2025 को प्रारंभ किया गया था। राज्य पूर्वनिर्धारित मापदंडों पर डेटा, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) को प्रस्तुत करते हैं, जिसे प्रत्येक माह की 25 तारीख तक एकत्रित किया जाता है; उसकी स्कोरिंग की जाती है और सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किया जाता है।

श्रेष्ठ सूचकांक एक आभासी अंतर मूल्यांकन उपकरण है जिसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी वर्तमान विनियामक स्थिति का आकलन करने में सहायता करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह निरीक्षण, लाइसेंसिंग और उत्पाद परीक्षण जैसे प्रमुख विनियामक कार्यों के मूल्यांकन के लिए एक संरचित ढांचा प्रदान करता है और आवधिक स्कोरिंग और बेंचमार्किंग के माध्यम से बेहतर अनुपालन और समय पर नियामक कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है।

******